**Orange काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार**

**2025 Huntington Beach शहर विशेष नगरपालिका चुनाव**

**10 जून, 2025**

**सार्वजनिक सेवा घोषणा**

| **वाइसओवर** |
| --- |
| दस जून, दो हजार पच्चीस को Huntington Beach शहर विशेष नगरपालिका चुनाव के लिए मतदान आरंभ हो चुका है। |
| Huntington Beach शहर के सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को उनके मतपत्र डाक द्वारा भेज दिए गए हैं। |
| Orange काउंटी के मतदाता रजिस्ट्रार, मतपत्र से आसानी और सुरक्षा के साथ मतदान करने के प्रत्येक मतदाता के अधिकार की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। |
| आपके पास मतदान करने के लिए चार तरीके हैं। |
| पहला। आप डाक द्वारा मतदान कर सकते हैं। डाक टिकट लगाने की आवश्यकता नहीं है। आपके मतपत्र के लिए अनिवार्य है कि उस पर दस जून तक डाक की मुहर लग जाए। |
| दूसरा। आप अपना मतपत्र Huntington Beach शहर के नौ सुरक्षित ड्रॉप बॉक्सों में से किसी भी एक में डाल सकते हैं या हमारे एक ड्रॉप ऑफ स्थान में जमा कर सकते हैं... |
| ...या तीसरा है। Huntington Beach शहर के किसी भी मतदान केंद्र में इसे लेकर जाएँ। |
| Santa Ana में मतदाता रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी एक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स है और यह सभी मतदाता सेवाओं के लिए कार्य के नियमित घंटों के दौरान लिए उपलब्ध रहता है। |
| और चौथा है। आप व्यक्तिगत रूप से किसी भी मतदान केंद्र में भी मतदान कर सकते हैं। |
| Huntington Beach शहर के चयनित मतदान केंद्रों को इकत्तीस मई को खुलना है। सात जून को Huntington Beach शहर में दो अतिरिक्त मतदान केंद्र खुलने हैं। |

| |
|---|
| सभी मतदान केंद्र और मतपत्र ड्रॉप बॉक्स दस जून को रात आठ बजे बंद हो जाते हैं। हमारा एक ड्रॉप ऑफ स्थल अपने सामान्य कार्य समय पर ही बंद होगा। |
| मतदान केंद्रों की जगहों और कार्य के घंटों के बारे में जानने के लिए, यहाँ O-C-Vote [dot] gov [slash] votecenter पर जाएँ। |
| आप हमारे वोटर हॉटलाइन आठ-आठ-आठ-O-C-VOTES पर भी फोन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जो है आठ-आठ-आठ-छह-दो-आठ-छह-आठ-तीन-सात। |
| याद रखें Huntington Beach शहर, सरल मतदान। सुरक्षित मतदान। |